# प्रकृति संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी: पटेल



नई दिल्ली, 28 जुलाई (नवोदय टाइम्स) : विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मंगलवार को पूरे संसार में मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रहलाद सिंह पटेल ने रवींद्र भवन परिसर में पहुंचकर दिल्ली में वट, बिल्व, आंवला, जामुन व नीम आदि कई पौधों का रोपण किया।

पौधरोपण के बाद प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रकृति संरक्षण दिवस को संस्कृति मंत्रालय ने संकल्प दिवस के रूप में करीब 15 दिनों तक मनाया गया इस दौरान करीब 13000 पौधों का रोपण किया गया। प्रकृति संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्त्तव्य है। अगर हमारे परिवार में जितने लोग हैं, वे सभी लोग एक-एक पौधे लगाएं और उनकी पूरी तरह देखभाल करेंतो प्रकृति समृद्ध हो जाएगी। इस मौके पर संस्कृति मंत्रालय सचिव आनंद कुमार, संयुक्त सचिव निरुपमा कोतरू, साहित्य अकादमी सचिव के. श्रीनिवासराव व संस्कृति मंत्रालय के अधिकारीगण, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## गाड़ियों की धुलाई में बचने वाले पानी से सींच रहे पेड़

**दिल्ली** को स्वच्छ, हरा-भरा और अधिक पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त बनाने के लिए दिल्ली आर्ट सोसाइटी के प्रेसिडेंट आर्टिस्ट नीरज गुप्ता ने नई पहल की है, जिसके तहत वह न्यू राजिंदर नगर की रोड साइड को स्वाभाविक रूप से समृद्ध बनाने में जुटे हुए हैं। इसके लिए वह दिल्ली की नेटिव स्पीशीज का प्लांटेशन कर रहे हैं और इन पेड़ों को पालने व पानी देना एक अनोखा तरीका ढूंढा है, जिसमें वह रोज सुबह सोसाइटी की गाड़ियों की धुलाई के बाद बचे हुए पानी को पेड़ों में डालने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। नीरज गुप्ता ने बताया कि मैंने 15 वर्ष पहले न्यू राजिंदर नगर की रोडसाइड में अमलतास और गुलमोहर का प्लांटेशन शुरू किया था जो कि आज अलग-अलग स्टेज में विकसित हो गए हैं। जो जगह बेरंग थी वहां पर हरियाली आ गई है। मैं देखता था कि सोसाइटी की गाड़ियां रोज सुबह धुलती हैं और बचा हुआ पानी रोड पर फेंक दिया जाता है, तो मैंने सभी से बात की और बचा हुआ पानी पेड़ों में डालने को प्रेरित किया।

